
दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 61 मुरादाबाद 24 June 2022 (Friday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## बीमारियों खिलाफ UP में 1 जुलाई से बड़ा अभियान, CM योगी बोले-सब विभाग मिलकर करें काम



इंसेफेलाइटिस, डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया और कालाजार जैसी संक्रामक बीमारियों के खिलाफ यूपी में 1 जुलाई से बड़ा अभियान चलेगा। इसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ कई अन्य सम्बन्धित विभाग अपना योगदान देंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को टीम-9 के साथ बैठक के बाद इस बारे में विस्तृत रूप से कार्ययोजना सामने रखी। उन्होंने कहा कि सभी विभागों को मिलकर इस अभियान को सफल बनाना होगा। सीएम ने बताया कि पहले प्रदेश के 38 जिलों तक अभियान सीमित था लेकिन प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग बीमारियों के प्रकोप को देखते हुए पूरे प्रदेश को इसमें शामिल कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि इंसेफेलाइटिस के लिहाज से कुशीनगर से सहारनपुर तक, डेंगू के लिहाज से मथुरा-फिरोजाबाद-आगरा-कानपुर-लखनऊ, मलेरिया के लिहाज से बरेली और आसपास, कालाजार के लिहाज से वाराणसी और आसपास के जनपद और चिकन गुनिया के लिहाज से बुंदेलखंड का क्षेत्र संवेदनशील है। किसी न किसी रूप में पूरा प्रदेश कम या ज्यादा रूप में इन बीमारियों से प्रभावित है। बीमारी बढ़ती तब है जब हम कम की अनदेखी और लापरवाही करते हैं। इसीलिए हमने तय किया है कि पूरे प्रदेश में अभियान चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहली जुलाई से हर जिला, तहसील, ब्लॉक मुख्यालय पर, हर नगर निकाय, हर सार्वजनिक स्थान जैसे चिकित्सालय आदि पर सूचना विभाग, स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर बड़े-बड़े होर्डिंग लगाएगा। संचारी रोगों में कौन-कौन सी बीमारियां हैं। कौन-कौन सी सावधानियां बरती जानी हैं। इन सब की जानकारी इन होर्डिंग्स पर होगी।

### सर्विलांस का बड़ा महत्व

सीएम योगी ने कहा कि इंसेफेलाइटिस से हर साल प्रदेश में करीब 2000 मौतें होती थीं। ये मौतें 40 वर्षों से होती थीं। अब ये मामले न के बराबर रह गए हैं। संचारी रोगों की रोकथाम में सर्विलांस का भी महत्व है। प्रदेश में इंसेफेलाइटिस ट्रीटमेंट सेंटर बने, मिनी पीकू, पीकू बनाए गए। स्वच्छता, सेनेटाइजेशन पर जोर दिया गया। हर घर में शौचालय बनाए गए। शुद्ध पेयजल आपूर्ति के कार्यक्रम चले। इन सब प्रयासों से बीमारी पर काबू पाया गया।

### बच्चों को शुद्ध पानी ही दें

उन्होंने कहा कि जहां पर शुद्ध पेयजल नहीं भी है वहां भी हम बोल सकते हैं कि बच्चे आएं तो पानी उबाल कर ठंडा होने के बाद छानकर ही पीने को दें। पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में यदि लोग रात में हैंडपंप का पानी बर्तन में रख देंगे तो सुबह तक पानी के नीचे पूरी सतह बन जाती है। हैवी वॉटर है। ऐसे इलाकों में भी पानी छान कर पीयेंगे तो ज्यादा अच्छा होगा। आवश्यक नहीं कि हर जगह आरओ या ट्रीटमेंट प्लांट लगा होगा। हम शैलो हैंडपंप हटाने की बात करते हैं लेकिन उसका विकल्प क्या दे रहे हैं। जरूरी है कि तत्काल विकल्प दें नहीं है तो पानी उबाल कर ही पीने को लोगों से बोलें।

## वोटिंग के बीच प्रशासन पर भड़की सपा, EC से शिकायत: अब्दुल्ला आजम बोले-ऐसे चुनाव से कोई फ़ायदा नहीं



यूपी में रामपुर और आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव के लिए मतदान चल रहा है। इस बीच समाजवादी पार्टी ने दोनों जगहों पर प्रशासन और पुलिस को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की है। रामपुर में तो सपा विधायक अब?दुल?ला आजम ने यहां तक? कह दिया कि ऐसे चुनाव से कोई फायदा नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि रामपुर में वोट देने के लिए दो आईडी दिखाने का नियम लागू कर दिया गया है। हालांकि प्रशासन ने उनके आरोपों की पुष्टि नहीं की। उधर, समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य अरविंद सिंह ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को लिखी एक चिट्ठी में आरोप लगाया है कि आजमगढ़ के गोपालपुर, सगड़ी, मुबारकपुर, आजमगढ़ सदर और मेहनगर विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केंद्रों से एक साजिश के तहत भाजपा के इशारे पर गड़बड़ी की नीयत से उनकी पार्टी के सभी बूथ एजेंटों को निकाल दिया गया है। उन्होंने आशंका जताई कि इससे चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली हो सकती है। उन्होंने चुनाव आयोग से इस मामले में तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। रामपुर को लेकर समाजवादी पार्टी की ओर से कार्यकर्ताओं पर हो रही कार्रवाई के खिलाफ चुनाव आयोग से शिकायत की जा रही है। वैसा मना गया है, तो जो चाहे करे..हमें तो सहना है रहना है। उन्होंने कहा कि हम तो सारी रात जागे हैं और हमारे प्रत्याशी संसद के सभी थाने गए हैं। सबसे ज्यादा अभद्र व्यवहार थाने गंज के इंस्पेक्टर ने किया और लोगों के साथ मार-पीट भी की। अगर वोट प्रतिशत गिराई जाती है तो इसका इल्जाम पूरा प्रशासन पर आएगा।

## शिंदे 'सेना' से संजय राउत की अपील- आकर बात करो, महाविकास अघाड़ी भी छोड़ देंगे



असम के गुवाहाटी में बैठे शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे और उनके समर्थक विधायकों से पार्टी ने एक बार फिर मुंबई लौटने की अपील की है। राज्यसभा सांसद संजय राउत ने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि महाराष्ट्र के बाहर जो विधायक हैं, उन्होंने हिंदुत्व का मुद्दा उठाया है। जो चाहते हैं कि शिवसेना को गठबंधन से निकलना चाहिए, उन्हें मुंबई आना चाहिए। हिम्मत करके यहां आए और साथ बैठकर बात करें। यहां आकर बात करो तो शिवसेना महा विकास अघाड़ी से भी बाहर आने को तैयार है। फ्लोर टेस्ट हुआ तो हमारी जीत होगी। 24 घंटे में मुंबई आओ और उद्धव ठाकरे के साथ बैठकर बात करो।

### संजय राउत बोले- जल्द सीएम आवास लौटेंगे उद्धव ठाकरे

यही नहीं उन्होंने कहा कि हमें भरोसा है कि उद्धव ठाकरे जल्दी ही सीएम आवास वर्षा वापस लौटेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे विधायकों का अपहरण किया गया है। जो विधायक गुवाहाटी में हैं, उनमें से 21 हमारे संपर्क में हैं और वे वापस आना चाहते हैं। इस बीच सूरत में एकनाथ शिंदे कैंप से निकलकर आए नितिन देशमुख ने कहा कि पहले भी कई बार सरकार को गिराने की साजिश की गई है। कुछ लोग हिंदुत्व की बात कर रहे हैं। यदि आप सरकार में सहमत नहीं थे तो उद्धव ठाकरे से मिलकर अपने पद से इस्तीफा दे देना था। लेकिन यहां बात करने की बजाय कुछ विधायकों को लेकर ही वे लोग भाग गए। मीडिया से हमारी मांग है कि महाराष्ट्र में जो हालात हैं, वे ही दिखाए जाएं।

### वीडियो जारी कर एकनाथ शिंदे गुट का शक्ति प्रदर्शन

उनके अलावा एक और विधायक कैलाश पाटिल ने कहा कि मुझे सूरत में रखा गया था। इस बीच एकनाथ शिंदे गुट ने भी वीडियो जारी कर समर्थन किया है। इसमें 42 विधायक दिख रहे हैं, जो शक्ति प्रदर्शन करते हुए नारे लगा रहे हैं कि एकनाथ शिंदे संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं। बता दें कि इतनी बड़ी बगावत के बाद भी शिवसेना की ओर से एकनाथ शिंदे और उनके गुट के लिए कड़े शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। इससे साफ है कि शिवसेना का रुख नरम है और वह किसी तरह एकनाथ शिंदे गुट को मनाना चाहती है। इससे पहले बुधवार शाम को उद्धव ठाकरे ने भी एक भावुक भाषण देते हुए बागी विधायकों से वापस आकर बात करने की अपील की थी।

### शरद पवार ने भी मानी हार- बोले, संघर्ष को रहिए तैयार

बता दें कि इस संकट के चलते एनसीपी और कांग्रेस में भी हलचल मची है। एनसीपी की मीटिंग के दौरान आज शरद पवार ने कहा कि हम सरकार बचाने के लिए उद्धव ठाकरे के साथ हैं। मीटिंग के बाद जयंत पाटिल ने कहा कि हमें बहुत कुछ मालूम नहीं है। कल शाम को पवार साहब ने उद्धव ठाकरे से मुलाकात की थी। हम सरकार बचाने के लिए प्रयास करेंगे। इसके अलावा शरद पवार ने कहा है कि सत्ता से बाहर रहने के संघर्ष के लिए भी तैयार रहो।

# जिला स्तरीय सतर्कता और मॉनिटरिंग समिति की बैठक सम्पन्न

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) योजनान्तर्गत जिला स्तरीय सतर्कता और मॉनिटरिंग समिति तथा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय समिति की बैठक की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनान्तर्गत लम्बित प्रस्तावों के भुगतान की समीक्षा कर जल्द से जल्द भुगतान हेतु निर्देश दिये। बैठक के दौरान ज्ञात हुआ कि अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) योजनान्तर्गत कुल 84 प्रस्ताव प्राप्त हुए है, जिसमें से 48 का भुगतान किया जा चुका है। शेष प्रस्तावों पर आवंटन होने पर भुगतान कर दिया जायेगा। शादी अनुदान योजना अन्तर्गत कुल 79 आवेदन पी0एफ0एम0एस0 प्राप्त हुए है, जिसमें से 53 का भुगतान नियमानुसार किया जायेगा। वृद्धजन भरण पोषण अधिनियम अन्तर्गत वृद्धाश्रम की समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि वृद्धाश्रम में 47 पुरूष एवं 19 महिलाएं कुल 66 वृद्धजन निवासरत



है,नशामुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत जनपद में विभिन्न प्रकार के नशा से ग्रसित लोगों का सर्वे विभिन्न एन0जी0ओ0 द्वारा अपना प्रस्तुतिकरण/कार्ययोजना पी0पी0टी0 के माध्यम से प्रस्तुत की गई। जिस पर जिलाधिकारी ने नशामुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु कार्ययोजना बनाकर कार्यक्रमों को संचालित करने का निर्देश दिया। राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय भिनगा में संवासी छात्राओं के भोजन एवं नाश्ता व्यवस्था हेतु निदेशालय के निर्देशों के क्रम में कैटर्स की तैनाती तत्काल नियमानुसार करायी जाए तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु जेम पोर्टल पर खरीदारी करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत समीक्षा के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि आई0टी0आई0 भिनगा में कक्षाओं को निरन्तर संचालन हो रहा है। भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, उपजिलाधिकारी रोहित, जिला विद्यालय निरीक्षक सन्त प्रकाश, जिला पंचायत राज अधिकारी आनन्द प्रकाश, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी प्रज्ञा शर्मा, सहायक निदेशक मत्स्य सुरेश कुमार, सी0एच0सी0 अधीक्षक सिरसिया डा0 विनय वर्मा, जिला समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान अजीत उपाध्याय, सामाजिक संस्था सद्भावना समिति के अध्यक्ष योगेन्द्रमणि त्रिपाठी, जिला समन्वयक कोमल नेहरू युवा केन्द्र सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# केशव प्रसाद मौर्य को हराने वाली पल्लवी पटेल को चुनाव आयोग का नोटिस, सपा विधायक ने हाईकोर्ट में दी चुनौती



यूपी विधानसभा चुनाव में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को हरानी वाली सपा विाायक पल्लवी पटेल ने निर्वाचन आयोग के नोटिस को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कौशाम्बी की सिराथू विधानसभा सीट से निर्वाचित सपा विधायक पल्लवी सिंह पटेल की ओर दाखिल निर्वाचन आयोग के नोटिस को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 23 जून की तारीख लगाई है। यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीता अग्रवाल एवं न्यायमूर्ति विक्रम डी चौहान की खंडपीठ ने दिया है।सपा विधायक पल्लवी पटेल ने याचिका दाखिल कर नोटिस पर रोक लगाने की मांग की है। पल्लवी पटेल पर 2022 विधानसभा चुनाव में नामांकन पत्र में अपने खिलाफ दर्ज़ आपराधिक मुक़दमे की जानकारी छिपाने का आरोप है। सिराथू के दिलीप पटेल की इसी शिकायत पर निर्वाचन आयोग ने मामले में संज्ञान लिया। उसके बाद एसडीएम सिराथू ने पल्लवी को गत 18 व 25 मई और तीन जून को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा है। याचिका में इसी नोटिस को चुनौती दी गई है। शिकायतकर्ता ने पल्लवी पटेल पर आरोप लगाया है कि विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने नामांकन पत्र में अपने खिलाफ दर्ज मुकदमों की जानकारी छिपाई और क्षेत्र के मतदाताओं को गुमराह कर अपने पक्ष में वोट हासिल किए। शिकायत में कहा गया है कि पल्लवी पटेल और उनके पति के खिलाफ लखनऊ में फर्जी दस्तावेजों के जरिए फ्लैट हड़पने का मुकदमा गोमतीनगर थाने में दर्ज है। इसके अलावा कानपुर में भी पैतृक मकान हड़पने का मुकदमा वहां की अदालत में चल रहा है। बीते विधानसभा चुनाव में अपने नामांकन फॉर्म में उन्होंने ये जानकारियां छिपाई हैं। पल्लवी पर यह भी आरोप लगाया है कि उन्होंने अपनी मां को राज्यसभा का सांसद बनाने का प्रलोभन देकर परिवारिक संपत्ति हड़पने का प्रयास किया और चुनाव के दौरान चंदे में मिली रकम अपनी ससुराल जबलपुर भेज दी। इसी प्रकार उन्होंने अपना दल कमेरा पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष होते हुए समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा और विधायक निर्वाचित हुईं। इस प्रकार वर्तमान में वह दो दलों का प्रतिनिधित्व कर रही हैं, जो निर्वाचन आयोग के नियमों के विपरीत है।

# आयुक्त खाद्य एवं रसद ने हरी झण्डी दिखाकर सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्था का किया शुभारम

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती-राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत वितरण व्यवस्था को पारदर्शी व सरल बनाये जाने के उद्देश्य से आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग, उ0प्र0 सौरभ बाबू ने मंगलवार को शासन की महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी योजना सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी में लगे वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर आयुक्त ने कहा कि इसके अन्तर्गत उचित दर विक्रेताओं को त्वरित एवं पूर्ण मात्रा में खाद्यान्न प्राप्त होगा। इसके साथ ही उन्होने परिवहन व्यवस्था में लगे अधिकारियों को निर्देश दिया कि खाद्यान्न की मात्रा व गुणवत्ता में कोई भी गड़बड़ी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी दीपक कुमार वार्ष्णेय, प्रेषण प्रभारी हरिहर पाठक, सहायक प्रेषण प्रभारी सिपाही लाल सहित समस्त पूर्ति निरीक्षकगण उपस्थित रहे।

# स्थगन आदेश के बावजूद दबंग कर रहे जमीन पर कब्जा



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती-थाना क्षेत्र मल्हीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत चमर पुरवा चौराहा पर दिले राम पुत्र मालती प्रसाद ने गाटा 406 याचिका मंडलायुक्त देवीपाटन के यहां दायर किया जिस पर अधिवक्ता विद्वान के सुनने के बाद मंडलायुक्त ने स्थगन आदेश जारी कर दिया तथा न्यायालय की पत्रावली व अन्य विपक्षी गणे को तलब किया जाए पत्रावली की सुनवाई दिनांक 27/6 /2022 को विपक्ष न्यायालय में पेश हो और विवादित भूमि पर यथा स्थित अग्रिम आदेश तक बनाए रखें।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# बग्घी से ही दूल्हे की ताबड़तोड़ फायरिंग, बारात में शामिल सेना के हवलदार की मौत



सोनभद्र में रॉबर्ट्सगंज थाना क्षेत्र के ब्रम्हनगर के आशीर्वाद लॉन में मंगलवार की रात एक विवाह समारोह में दूल्हे की ओर से की गई हर्ष फायरिंग में सेना के एक हवलदार की मौत हो गई। दूल्हे के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।रॉबर्ट्सगंज नगर के आशीर्वाद लॉन में मंगलवार की रात को नगर के शीतला मंदिर निवासी मनीष मद्धेशिया की बारात आई हुई थी। मनीष दुद्धी में पलंबर का काम करता है। रात 11 बजे के करीब बाराती नाचते-गाते विवाह स्थल पहुंचे। रथ पर सवार दूल्हे ने विवाह स्थल पर पहुंचते ही राइफल से हर्ष फायरिंग शुरू कर दी। तीन-चार राउंड फायरिंग की। उसे फायरिंग करता देख बारात में शामिल होने आए दूल्हे के दोस्त सेना में हवलदार 40 वर्षीय बाबूलाल यादव ने भी अपनी लाइसेंसी पिस्टल से फायरिंग शुरू कर दी। इस पर दूल्हे ने बाबूलाल से उसकी पिस्टल मांग ली हवा में फायरिंग करने के लिए उसे चलाया। लेकिन, फायर नहीं हुआ।दूल्हे ने पिस्टल को जैसे ही नीचे की ओर किया गोली चल गई। पिस्टल से निकली गोली सीधे बाबूलाल के जबड़े को चीर कर निकल गई। गोली लगते ही बाबूलाल गिर पड़ा। यह देख अफरातफरी मच गई।कुछ लोग लहूलुहान बाबूलाल को लेकर जिला अस्पताल भागे। वहां जांच के बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। राबर्ट्सगंज थाना प्रभारी के अनुसार रात में ही सूचना मिलने के बाद विवाह स्थल पर एएसपी विनोद कुमार, सीओ सिटी राज कुमार तिवारी सहित वह स्वयं पहुंच गए। मामले की जांच की। उसके बाद पुलिस की मौजूदगी में विवाह संपन्न कराया गया। सुबह दूल्हे को हिरासत में ले लिया गया। दोपहर में मृतक के पिता दयाराम की तहरीर पर दूल्हे के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी के अनुसार पिस्टल और राइफल को जब्त कर लिया गया है। मौके से चली हुई गोली भी बरामद की गई है।

# पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पण करके मनाया गया

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद-मध्य नगर मंडल के वार्ड नंबर 45 के बूथ संख्या 35 पर पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का बलिदान दिवस वार्ड 27 के पार्षद डॉ गौरव श्रीवास्तव एडवोकेट के गुलजारी मल धर्मशाला स्थित आवास पर पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पण करके मनाया गया सब चालू कर दो इस अवसर पर पार्षद डॉ गौरव श्रीवास्तव रिपीट जीने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी जी के व्यक्तित्व से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया उन्होंने बताया कि कैसे पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने एक देश में दो विधान दो प्रधान का विरोध किया उन्होंने नारा दिया कि एक देश में दो प्रधान दो विधान नहीं चलेंगे नहीं चलेंगे पार्षद डॉ गौरव श्रीवास्तव ने बताया के पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने सारे प्रतिबंधों के बावजूद



कश्मीर के लाल चौक पर पहुंचकर तिरंगा झंडा फहराया और उन्हें इसके लिए कारागार में डाल दिया गया जेल में ही रहस्यमय परिस्थितियों में उनका देहांत हो गया उन्होंने अपना जीवन देश के लिए बलिदान कर दिया हम सभी को उनके आदर्शों को अपने चरित्र में उतारना चाहिए इसके बाद सभी कार्यकर्ताओं ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र के आगे सम्मुख पुष्प अर्पण कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्षद वार्ड 45 डॉ गौरव श्रीवास्तव एडवोकेट बूथ संख्या 35 के अध्यक्ष श्री दीपू शामलाजी मध्य नगर मंडल मंत्री श्री आकाश भारद्वाज जी भाजपा अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्री हिमांशु सिंह जी श्री ओम प्रकाश सागर जी श्री कैलाश गुप्ता जी श्री सुभाष पाल जी श्री ऐसी माथुर जी श्री दीपक धवन जी श्री अनिकेत चौधरी जी श्री पारस बंदूला जी श्री अकाश भारद्वाज उर्फ गोलू जी श्री अमर अग्रवाल जी श्री पर्वत सागर जी श्री हनी सागर जी श्री अमर अग्रवाल जी श्री जीत सागर जी श्री मनु माथुर जी श्री सौरभ श्री वास्तव जी श्रीमती दीप्ति श्रीवास्तव जी श्रीमती विष्णु कुमार जी सक्सेना जी श्रीमती वर्षा अग्रवाल जी सहित अनेकों भूत के कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# किसान क्रेडिट कार्ड ( पशुपालन घटक ) योजना की प्रगति के संबंध में बैठक आहूत की गयी



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद-जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेªट सभागार में किसान क्रेडिट कार्ड ( पशुपालन घटक ) योजना की प्रगति के संबंध में बैठक आहूत की गयी, जिलाधिकारी ने सभी बैंकर्स के साथ आहूत बैठक में योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु बैंकों को किसान क्रेडिट कार्ड का लक्ष्य आवंटित करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष योजना में शतप्रतिशत प्रगति प्राप्त करने के निर्देश दिये हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जो किसान पशुपालक है उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड दिए जाने के लिए भारत सरकार की नीति आयी है। अभी तक कृषि फार्मरों को ही किसान क्रेडिट कार्ड दिया जाता था अब योजना के अन्तर्गत मत्स्य एवं पशुपालकों का भी किसान क्रेडिट कार्ड बनाया जायेगा। योजना के अर्न्तगत मुरादाबाद जनपद को 8766 के0सी0सी0 बनाने का लक्ष्य मिला है और पशुपालकों एवं मत्स्य पालकों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी किया जायेगा। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की है कि इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाये। बैंकर्स द्वारा भी बैठक में आश्वस्त किया गया कि दिए गये लक्ष्य से अधिक की उपलब्धि हांसिल कर योजना के क्रियान्वयन में कोई कमी नही रहने दी जाएगी। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के साथ ही बैंकर्स उपस्थित रहें।

# कमिश्नर की अध्यक्षता में मुरादाबाद स्मार्ट सिटी एस0पी0वी0 बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक सम्पन्न

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद-मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लि0 की निदेशक मण्डल बैठक आहूत की गयी। बैठक में नोडल अधिकारी द्वारा निदेशक मण्डल के समक्ष एजेण्डा वाचन किया गया। तत्पश्चात् बैठक में निर्णय लिया गया। मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लि0 की बैठक में मुरादाबाद स्मार्ट सिटी परियोजना सोलर बेस्ड वाटर ए0टी0एम0 हेतु पेयजल की निर्धारित दरों का अनुमोदन प्रदान किया गया। मुरादाबाद स्मार्ट सिटी परियोजना सोलर बेस्ड स्मार्ट टायलेट के अर्न्तगत पीलीकोठी पर एक अतिरिक्त नवीन टायलेट बनाये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया। मुरादाबाद स्मार्ट सिटी परियोजना सिटी ब्राण्डिग के अर्न्तगत नगर के वृक्षो के संरक्षण हेतु 1000 कस्टोमाइज्ड ट्री गार्ड लगाये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया तथा मुरादाबाद स्मार्ट सिटी परियोजना रिहैवीलिटेशन ऑफ स्टोर्म वाटर डेªनेज सिस्टम के अर्न्तगत करुला नदी के रेजूवीनेशन के अतिरिक्त कार्य का अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, नगर आयुक्त/ सी0ई0ओ0 श्री संजय चैहान, अण्डर सेक्रेटरी एम0ओ0यू0डी0नई दिल्ली श्री रामसिंह, सहयुक्त नियोजन टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग विभाग श्री विवेक भास्कर, मुख्य अभियन्ता पश्चिमाचंल



विद्युत वितरण खण्ड मुरादाबाद श्री पंकज, अपर निदेशक आई0सी0यू0ई0एस0 ए0के0 गुप्ता एवं नोडल अधिकारी टी0एन0 मिश्रा के साथ ही मुरादाबाद स्मार्ट के श्री सौरभ गुप्ता, कंपनी सेकेटरी श्री ए0के0 मित्तल, मुख्य अभियन्ता सौरभ बंसल, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी तथा अन्य अधिकारीगण एवं पी0एन0सी0 टीम लीडर उपस्थित रहें।

# 'साथिया' ने छुड़ाई पचास किशोरों में सिगरेट की लत

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद-13 से 19 साल के पचास किशोरों में पड़ी सिगरेट पीने की लत को %साथिया% ने छुड़वा दिया। अपने बच्चों की लत छूट जाने से परेशान अभिभावकों ने %साथिया% क्लीनिक पर पहुंचकर खुशी का इजहार करते हुए यह जानकारी दी और धन्यवाद जाहिर किया। 50 किशोरों में पड़ी सिगरेट की लत के छूटने की यह कामयाबी राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला अस्पताल में %साथिया% नाम से संचालित हो रहा है किशोर स्वास्थ्य परामर्श क्लीनिक के खाते में दर्ज हुई। क्लीनिक पर कई राउंड काउंसलिंग की मदद से 50 किशोरों में धूम्रपान की लत को छुड़ाने की उपलब्धि हासिल होने की पुष्टि काउंसलर तारिक अंसारी ने की। बताया कि इन किशोरों की लत से परेशान होकर अभिभावक उन्हें लेकर क्लीनिक पर पहुंचे थे। सबसे पहले बच्चों के साथ ही अभिभावकों में उनकी लत छूट जाने का भरोसा पैदा किया गया। कई राउंड काउंसलिंग के दौरान बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ ही उन्हें सिगरेट की लत से छुटकारा पाने का विकल्प बनने वाली गैर नशीली चीजों जैसे सौंफ, इलायची आदि का नियमित रूप से समुचित सेवन करने की सलाह भी दी गई। तारिक अंसारी ने बताया कि अपने बच्चों की लत छूटने की जानकारी देते हुए उन अभिभावकों की आंखों में आंसू छलक पड़े।

www.knlslive.com

# महंत कृष्णा गिरि की पुण्यतिथि पर हुआ हवन और भंडारा

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद-लाल बाग स्थित काली माता मंदिर में पूर्व महंत कृष्णागिरि महाराज की 19 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इससे पूर्व श्रीमद्भागवत कथा को विश्राम देने के बाद आज हवन किया गया।कार्यक्रम का आरंभ मंदिर के महंत सज्जन गिरि महाराज के सानिध्य में कृष्णा गिरि महाराज की प्रतिमा को गंगा जल, घी, शक्कर, दही और शहद पंचामृत से स्नान कराया गया। उन्हें वस्त्र पहनाकर कार्यक्रम को गति दी गई। इसके बाद कथा व्यास व्योम त्रिपाठी सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हवन किया। उन्होंने आहुतियां देकर विश्व कल्याण और सुख समृद्धि की कामना की। आरती के बाद कृष्णा गिरि महाराज और काली माता को भोग लगाया गया। अंत में भंडारा आरंभ किया गया। बड़ी संख्या में पहुंचे संत समाज और शहर वासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में जूना अखाड़े से आए शिव गिरि, नील गिरि, स्वामी उमानंद, रवि गिरि, पदम गिरि, गौरी शंकर, काशी पंडित, अभय पंडित सहित अनेक संगठनों का सहयोग रहा।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।


## संपादकीय Editorial

# Himachal in Literary Moments

Participating in the festival of literature itself is a touch of the people's dialogue with the earth, but here there was an international convention of literature, so in the courtyard of all the sources and subjects in the periphery of the authors, the ooze of hospitality was seen. The splendor of the event for Shimla and the discussions dripping from the roof of literature kept humming, but how much the city and the state saw themselves with their eyes and did no one have the curiosity to see within these hill terraces that Nirmal Verma In what condition is 'Lal Tin Ki Chhat' today? There is such a past and present in the British heritage of Shimla, where the literary journey is complete every day and meets somewhere, but did the literature related to Shimla reach any room of such a big event or say that the Himachali references were the source of literary inspiration. If we had talked about Chandradhar Sharma, Guleri, Yashpal, Baba Kanshi Ram, Ruskin Bond would have become the epitome of folk literature born in the valleys of the mountainous region. Of course, many Himachali faces remained intact in the stature of a total of 435 writers, but the question remains in what form did the state express itself in this gathering. At least in Himachal's universities or other study centers, only the students who are looking for their signature in the field of literature, would have got a few moments. Many exclamations came to the fore while removing the scripts and diving into 760 languages ??of India, but when film actress Deepti Naval was objecting to the selfie point of Jallianwale Bagh, no one raised the question that the roof of Baba Kanshi Ram's house in Dadasiba How many slates are missing from this and after years why the language-culture department is sitting on the file of the proposed monument. In the ocean of literature, if the eyes searching for the existence of rivers in the uninterrupted stream of the Ganges could see the rivers originating from the zenith of Himachal, behold the socio-cultural side of the discussion in Bhakra, Pong or Kol dam, then there would be many words in the struggle of the stories. Even boats could swim. The discourse was either so high under the crown that the Simla Mahasammelan was wearing that our writers could not find themselves, or the issue was about the message that was chosen so neatly. In the investigation of 'Media Literature and Freedom Movement', instead of the merits and demerits of our present, if we want to read a few lines for self-satisfaction, then read it, but the ability of discussion on the social media in which the present is trapped. Haven't appeared till now. Similarly, the greatness of churning in the group of tribal writers kept asking for their well being, but the effect of traditionalist writing was not asked till its status. Chanchalo is still washing clothes in memory of Kunju somewhere on the edge of Himachal's literary shed, but this time the signs of her speech are in danger. how many international and how many regional steps the writers took, yet we would request the language and culture department of the state to prepare a document on the achievements of Himachal through this conference so that at any time we can do something. Save the moments close to you.

# Fan said to Sushmita Sen- My wife wants to meet you, then the actress immediately said this thing


Actress Sushmita Sen is known for her sweet gestures. Often the actress talks to the fans and never forbids the photographers to click photos. This style of Sushmita always wins the hearts of people. Now once again the actress has said something, seeing which the fans are happy. Sushmita Sen's video is going viral, in which one of her fans asks her that my wife wants to meet you. The answer given by the actress on this is really commendable. Now this video is becoming increasingly viral on social media. Sushmita's Sweet Style- In the video going viral on social media, Sush is seen sitting in the car. On this a man asks him from behind that my wife wants to meet you. To this, Sush replies in a very sweet way and says, 'When you guys come down to meet us, bring it at that time. Will see you.' Fans tied the bridge of praise – As soon as this video went viral, it became a rage among the fans and people liked this style of the actress. One fan wrote, 'Celebs don't even give expressions to people and they are talking incessantly. She is the real queen. Another one wrote, 'These are so sweet.' Another fan wrote, 'Just the kind of behavior we want from celebs, which is not from them.' Discussion of Sushmita Sen's brother-in-law - Sushmita Sen is in a lot of discussion these days. Recently, Sushmita shared many photos while enjoying her vacation. So at the same time, Sush is also in a lot of discussion about his personal life. She has broken up with Rohman Shawl but is still good friends and is spotted together. Apart from this, Sushmita Sen's brother-in-law is also in the headlines these days. There are reports of something not going well between Rajiv Sen and Charu Asopa and there are reports of both of them getting divorced.



# Neetu Kapoor told, Rishi used to call Ranbir and Alia Bhatt 'Valle Log', the reason will make emotional

Neetu Kapoor was in depression after the death of her husband Rishi Kapoor. Now she tries to moveon and keeps herself busy. Recently he shared a memory related to Rishi. Neetu told that he used to call son Ranbir and his girlfriend Alia Bhatt as 'Velle Log'. The reason for this is also emotional. In fact, when Rishi became ill, both of them used to sit in the hospital near him for the whole day. Rishi Kapoor had cancer and Alia-Ranbir used to visit him frequently in the US. Both used to sit in the hospital - Neetu Kapoor remembered the time when Rishi Kapoor was in the hospital. According to the report of India Today, Neetu says, when Ranbir and Alia used to sit in the ICU all day when they were not well, Rishi used to call them Velle people. They used to say, get married man- Neetu speaks, Rishi blesses them. He is giving and always his hand is on his head, he is always with him. All the love I am getting and the people around me are all because of him. He wanted me to be happy. That's why I got such a beautiful daughter-in-law, my Alia. I couldn't have asked for anything better than that. She is very sweet. This is all his blessing. He used to say, now do marriage man. Neetu Kapoor's film Jug Jug Jio is about to release. After 9 years, she will be seen in a big role. The film stars Anil Kapoor, Kiara Advani and Varun Dhawan in the lead cast. The film is releasing on June 24.





# पुरुष भी निभाएं जिम्मेदारी : सीएमओ

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़-परिवार नियोजन के तहत पुरुषों की कम नसबंदी पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने चिंता व्यक्त की है। नसबंदी को लेकर सीएमओ ने पुरुषों से जिम्मेदारी निभाने की अपील की है। उन्होंने बताया परिवार नियोजन को लेकर महिलाएं तो जागरुक हैं। पर पुरुषों में अब भी भ्रम की स्थिति है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि पुरुष नसबंदी चंद मिनट में होने वाली आसान शल्य क्रिया है। यह 99.5 फीसदी सफल है। इससे यौन क्षमता पर कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़ता है। पति-पत्नी में किसी एक को नसबंदी की सेवा अपनाने के बारे में तय करना है तो उन्हें यह जानना जरूरी है कि महिला नसबंदी की अपेक्षा पुरुष नसबंदी बेहद आसान है। पुरुष नसबंदी होने के कम से कम तीन महीने तक परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों का प्रयोग करना चाहिए। जब तक शुक्राणु पूरे प्रजनन तंत्र से खत्म न हो जाएं। नसबंदी के तीन महीने के बाद वीर्य की जांच करानी चाहिए। जांच में शुक्राणु न पाए जाने की दशा में ही नसबंदी को सफल माना जाता है। नसबंदी के विफल होने पर 60,000 रुपये की धनराशि दी जाती है। नसबंदी के बाद सात दिनों के अंदर मृत्यु हो जाने पर चार लाख रुपये की धनराशि दी जाती है। नसबंदी के 8 से 30 दिन के अंदर मृत्यु हो जाने पर एक लाख रुपये की धनराशि दिए जाने का प्रावधान है। नसबंदी के बाद 60 दिनों के अंदर जटिलता होने पर इलाज के लिए 50,000 रुपये की धनराशि दी जाती है ।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# सपा नेता E& MLA रामेश्वर सिंह यादव और उनके भाई जुगेंद्र सिंह यादव की और बड़ी मुश्किलें



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- सपा नेता श्व× स्क्र रामेश्वर सिंह यादव और उनके भाई जुगेंद्र सिंह यादव की और बड़ी मुश्किलें। E& MLA रामेश्वर सिंह के दोनो बेटे सुबोध और प्रमोद भाई जुगेन्द्र सिंह, इनके बेटे पुष्पेंद्र यादव सहित अन्य लोगो पर 307 जैसी गंभीर धाराओं में एक और स्त्रद्धक्र दर्ज । पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह पर अब तक 86 मामले हुए दर्ज, भाई रामेश्वर सिंह पर 83 वा मामला हुआ दर्ज शिकायतकर्ता सद्दीक अहमद का आरोप जमीन घेरने के मामले में शिकायत करने पर उपरोक्त सभी लोगो ने 29/5/21 उसको उठाकर धनमील पर लेजा कर गले में अंगोछा डालकर मारने की की कोशिश। पूर्व विधायक और उनके परिवार के खिलाफ पुलिस ने किया एक और मामला दर्ज। एटा मलावन थाना क्षेत्र के आसपुर धानमील की,घटना

WWW.KNLSLIVE.COM

# नाबालिग बालिका की लज्जा भंग करने का आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा - थाना कोतवाली देहात पुलिस को मिली सफलता, थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका की लज्जा भंग करने का प्रयास करने के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका की लज्जा भंग करने का प्रयास करने के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। घटनाक्रमानुसार आज दिनांक 23.06.2022 को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर नाबालिग बालिका की लज्जा भंग करने का प्रयास करने के मामले की घटना में थाना कोतवाली देहात एटा पर पंजीकृत मुअसं- 207/2022 धारा 354 भादंवि व 7/8 पॉक्सो अधि0 में वांछित चल रहे अभियुक्त को मारहरा तिराहे के ऊपर बाईपास पर से गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

# ज्ञानेन्द्र रावत अनुपम मिश्र स्मृति पुरुस्कार से सम्मानित होंगे

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा- वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं चर्चित पर्यावरणविद ज्ञानेन्द्र रावत देश के ख्यातनामा पुरुस्कार अनुपम मिश्र स्मृति पुरुस्कार से सम्मानित होंगे। इसकी जानकारी आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी स्मृति अभियान समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार, मीडिया सलाहकार, नेता प्रतिपक्ष, राज्यसभा एवं पूर्व संपादक, संसदीय मामले, राज्यसभा टी वी श्री अरविन्द कुमार सिंह व समिति के संयोजक श्री गौरव अवस्थी द्वारा दी गयी है। पर्यावरण रत्न, पर्यावरण भूषण, सुंदरलाल बहुगुणा स्मृति, नेशनल ग्रीन अवार्ड, ग्रीन इंडिया अवार्ड, जेपी अवार्ड, तिलका मांझी राष्ट्रीय सम्मान व जेपी सेनानी सम्मान आदि अनेकों सम्मानों-पुरुस्कारों से सम्मानित श्री रावत की पर्यावरण, सामाजिक, ग्रामीण विकास व स्त्री विषयक मामलों पर बीसियों पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। श्री ज्ञानेन्द्र रावत को यह पुरुस्कार आगामी 9 जुलाई को गांधी शांति प्रतिष्ठान दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रदान किया जायेगा।

# अनूसूचित जाति घर में घुसकर एक दर्जन से अधिक गुंडों ने महिलाओं के साथ की मारपीट

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा- कस्बा मिरहची के मारहरा रोड स्थित एक अनुसूचित जाति के घर में घुसकर गुंडों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें कई लोगों के चोटें भी आई हैं। दरअसल बाजार में अनूसूचित जाति के युवक की फतेहपुर निवासी युवक से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई जिसकी शिकायत लेकर जब युवक पुलिस के पास पहुंचा तो उसे पुलिस ने वहीं बैठा लिया। लेकिन कुछ देर बाद फतेहपुर निवासी एक दर्जन से अधिक गुंडे लाठी-डंडों के साथ पीड़ित दलित युवक के घर पहुंच गए वहां पहुंचकर उन्होंने परिवार के बुजुर्ग बच्चे और महिलाओं पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। गुंडों ने कम-से-कम आधे घंटे तक पीड़ित दलित युवक के घर पर तांडव मचाया, और घटना को अंजाम देकर चले गए। जब सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मालूम पड़ा दलित युवक के घर में घुसकर बुजुर्ग बच्चे और महिलाओं को पीटने वाले गुंडे विधायक के सजातीय हैं तो पुलिस गुंडों पर कार्यवाही करने की बजाय मूकदर्शक बनी हुई है।

# सांसद राजवीर सिंह राजू भईया ने सौपी के मंडल अध्यक्ष कौशिक को बाइक चाबी



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- जनपद एटा निधौली कलां चेयरमैन देवलाल लोधी ने घोषणा की थी कि मारहरा विधानसभा में 5 मंडल हैं जिस मंडल में सबसे अधिक वोट मिलेंगे उस मंडल के अध्यक्ष को मोटरसाइकिल पुरस्कृत की जाएगी। आज सांसद राजवीर राजू भैया के आवास पर चेयरमैन देवलाल लोधी ने जिस्मीं मंडल अध्यक्ष कौशिकको क्षेत्रीय सांसद राजवीर राजू भईया के हाथो द्वारा विधायक वीरेंद्र लोधी की मौजूदगी में दी गई। सांसद राजवीर राजू भईया ने अच्छे कार्य के लिए प्रथम स्थान पाने पर हीरो स्पलेंडर आई 3एस मोटर साइकिल उपहार स्वरूप भेंट की। और कहा अच्छे कार्य और मेहनती व्यक्ति को मेहनत प्रेरित करने के लिए चेयरमैन देवलाल लोधी द्वारा अच्छी पहल प्रशंसनीय है क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र लोधी नाथद्वारा चुनाव दौरान विधानसभा चुनाव का को बेहतर बनाया जाए उसके लिए चेयरमैन देव लाल लोधी द्वारा किया गया कार्य मेरी जीत बड़ा कारण रहा है वहां मौजूद सभी लोगों ने तालियां बजाई भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद जिंदाबाद के नारे गूंजने लगे मोटरसाइकिल वितरण कार्यक्रम में मौजूद लोगों में-योगेंद्र योगी, अनुभव भारद्वाज, प्रमोद गुप्ता, नीरज स्वर्णकार भाजपा जिला मीडिया प्रभारी, सतेंद्र राठौर, संदीप भामाशाह आदि थे।सांसद राजवीर सिंह राजू भईया बाइक की चाबी सौंपते हुए विधायक, चेयरमैन की उपस्थिति में

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# कश्मीर भारत का अभिन्न अंग मुखर्जी की देन

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के वलिदान दिवस के अवसर पर बोलते हुए जिला के अध्यक्ष कन्हैया राठौर ने राजनैतिक जीवन पर बताया रामजी श्रीवास ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला मथुरा सोनी ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी कम उम्र में कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बने पश्चिम बंगाल को एवम कश्मीर को देश का हिस्सा बनाने में योगदान रहा ब्रजलाल राठौर ने जनसघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी की यात्रा दो विधान दो निशान दो प्रधान कश्मीर में जाने में परमिट सिस्टम को समाप्त करने का योगदान धारा 370 आर्टिकल 35ए की समाप्ति कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद मोदी जी ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि दी है कार्यक्रम का संचालन राकेश चतुर्वेदी जिला महामंत्री आभार लालजी यादव ने किया कार्यक्रम की शुरुवात प,दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण एवम दीप प्रज्वलित कर बन्दे मातरम से कार्यक्रम की शुरुवात एवम कार्यक्रम के अंत राष्ट्रगान से समापन किया कार्यक्रम में कार्यकर्ता उपस्थित थे कन्हैया सिंह राठौर, राकेश चतुर्वेदी, लालजी यादवदिलीप यादव, डॉ प्रवीण राय ,बृजलाल




राठौर, दिनेश मरावी,दुर्गेश यादव, हुकुमचंद यादव,लुसन राठौर, राजकुमार रोहणी,फूल सिंह कोर्चे, संतोष सोनकर,क्रांति कुमार दुबे, लिमेश्वर कुशवाहा,भंवर सिंह, मनोरमा गुप्ता, उमकत्यन्ती कोशले ,अंकुर गुप्ता, शंकर लाल चक्रधारी, भूधर सोनी,शरद गुप्ता, मनीष श्रीवास, दशरथ सिंह मार्को,लक्ष्मी पेंद्रो, श्याम मिलन राठौर, रमा राठौर, मथुरा सोनी, प्रणव मरपच्ची, बालकृष्ण अग्रवाल आशीष गुप्ता, कल्लू राजपूत ,रामजी श्रीवास अजय तिवारी, श्रीपाल सिंह पैकरा, कुबेर सर्राठी,राखी सिंह गहलोत, नरेन्द्र सिंह मार्को, जगमोहन सोनी

## भाजपा मंडल ओडगी के द्वारा देवी चौक इंदरपुर में श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का पुण्यतिथि मनाया गया



रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर-ओडगी- भाजपा मंडल ओड़गी के द्वारा इंद्रपुर देवी चौक में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा मंडल ओड़गी द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से संतोष सिंह,विविषण यादव, विनिता यादव,केशव सिंह, प्रवीण गुर्जर, आशीष प्रताप सिंह,मोहन राम राजवाड़े,अरुण कुमार सिंह,बागेश्वर गुर्जर,बृजराज गुर्जर,दुर्गा गुप्ता, सोहन कुर्रे,छोटे लाल सिंह,देव नारायण ,राम प्रसाद,अशोक कुमार राजवाड़े, रविशंकर गुप्ता,घनश्याम दुबे,रावेंद्र गुर्जर,मोहित लाल आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शासकीय गुरूकुल विद्यालय पेण्ड्रारोड के सामान्य छात्रावास मे प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- शासकीय गुरूकुल विद्यालय पेण्ड्रारोड अंतर्गत सामान्य छात्रावास में कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के रिक्त सीटों के लिए छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। इसके तहत कक्षा 10वीं में अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 3-3 सीट, कक्षा 11वीं में अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 16, अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 3 और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 2 सीट इसी प्रकार कक्षा 12वीं में अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 7 सीट रिक्त है। इस प्रकार कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के कुल 34 रिक्त सीटों के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। शासकीय गुरूकुल विद्यालय पेण्ड्रारोड के प्राचार्य ने बताया कि प्रवेश आवेदन पत्र कार्यालयीन समय में प्राप्त किए जा सकते है तथा आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ 27 जून 2022 शाम 5 बजे तक जमा किए जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए 9479036802 और 9399849790 पर संपर्क किया जा सकता है।

## सैनिक भर्ती में प्रशिक्षण के लिए गौरेला-पेंड्रा ब्लॉक के 2600 युवाओं ने कराया पंजीयन

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- जिला प्रशासन द्वारा आगामी महीनों में होने वाले सेना भर्ती के लिए जिले के युवाओं तैयार किया जा रहा है।इसके लिए युवाओं के पंजीयन के बाद उन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में पेंड्रा और गौरेला ब्लाक के पंजीकृत 2600 युवाओं को 23 जून बुधवार को प्रात: 6 से 9 बजे तक शासकीय फिजिकल कॉलेज पेंड्रा में प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण में सहयोग और आवश्यक तैयारी के लिए के अनुविभागीय अधिकारी पेंड्रा रोड द्वारा शिक्षा, खेल एवं पुलिस विभाग के विभिन्न अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रशि क्षण हेतु पंजीकृत युवाओं में गौरेला ब्लॉक से 1100 और पेंड्रा ब्लॉक से 1500 युवा शामिल है। प्रशिक्षण व्यवस्था के तहत 14 काउंटर बनाए गए हैं।

# राहगीरों को पिलाया शरबत



प्रधुम्न कटियार
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

कानपुर/बिल्हौर- गुरुवार को क्षेत्र के शनिधाम मंदिर के निकट बरौली रोड पे प्रशांत कटियार के नेतृत्व में स्टाल लगाकर राहगीरों को ठंडा शरबत व पानी पिलाया गया, एवं उनके सहयोगियों ने मौजूद रहकर हर राहगीर को शरबत पानी का वितरण किया, भीषण गर्मी के इस दौर में रास्ते में ठंडा पानी मिलने पर हर राहगीर यहां रुक रहा था, शरबत व पेयजल पिलाने का यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा इस मौके पर आरएसएस से सुनील जी, राकेश जी एवं मृदुल योग ट्रेनिंग संस्थान से प्रद्युम्न कटियार, शिवम कटियार, विकाश राठौर,अनुपम शुक्ला, सचिन कटियार, शोभित ,रुचिन कटियार, आदि लोग मौजूद थे।

# किसानो को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ पंजीयन होने के बावजूद भी नहीं मिल रहा



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- ओडगी- विकासखंड अंतर्गत मोहरसोप के किसानो को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ पंजीयन होने के बावजूद भी नहीं मिल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मोहरसॉप के नौ किसानो का प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में पंजीयन तो हुआ लेकिन आज तक राशि नही मिली खोजबीन के दौरान यह पता चला कि पंजीकृत किसानो की राशि तो आ रही है लेकिन दूसरे जगह के व्यक्ति के खाते में वह राशि जा रही है। इस योजना से जहां पंजीकृत किसानो को प्रति वर्ष 6000 रूपए की हानि हो रही है तो वही अन्यत्र स्थान के व्यक्ति के खाते में राशि का जाना संदेह को जन्म दे रहा है।

उक्ताशय को लेकर मोहरसोप के किसान थक हारकर किसान नेता सुनील साहू के नेतृत्व में नायब तहसीलदार ऋतुराज सिंह को ज्ञापन सौंपकर अन्य व्यक्ति के खाते में गई राशि को वापस दिलाने सहित खाता सुधार कराने की मांग की है।इस दौरान शशांक सिंह, लक्ष्मण साहू, देवगानी साहू, अंजनी कुमार, धनमत, अंगद कुमार, रामविचार ,सोनमती, रामपाल, फुलकुवर सहित कई किसान उपस्थित रहे।

# बच्चों के आधार कार्ड का किया जाए सत्यापन



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद-बीआरसी कार्यालय में खंड शिक्षा अधिकारी उदय वीर सिंह ने शिक्षकों की बैठक लेकर निर्देश दिए कि स्कूलों के बच्चों का डाटा तैयार किया जाए और इसके अलावा पंजीकृत बच्चों के आधार कार्ड वेरिफिकेशन कराया जाए। खंड शिक्षा अधिकारी उदयवीर सिंह ने बीआरसी कार्यालय में संकुल के शिक्षकों की बैठक में निर्देश दिए की स्कूलों में जो बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, उनका डाटा तैयार किया जाए। लाइब्रेरी और अन्य जितनी भी सुविधाएं हैं उनकी विस्तृत जानकारी देते हुए फॉर्म भरे जाएं।पंजीकृत बच्चों के आधार कार्ड का सत्यापन हर हालत में कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड के सत्यापन की मुख्य वजह यह है कि सरकार अभिभावकों के खाते में जो पैसा भेजती है वह गलत हाथों में ना जा पाए और अभिभावक निश्चित रूप से बच्चों की यूनिफॉर्म खरीदें। सत्यापन में जो आधार कार्ड फर्जी पाए जाएंगे उन अभिभावकों के खिलाफ बेहद कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में त्रिवेंद कुमार,आशीष कुमार, मोहम्मद अकरम, संजय भारती,शुभम शर्मा, प्रशांत, लता रानी, रानी गुप्ता मंजू कम्बोज, रजनी मिश्रा,रीना कुमारी, सोनिया चौहान आदि मौजूद रही।